राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–98/2023

बिहार की शिक्षा व्यवस्था में सुधार हेतु सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है–राज्यपाल

पटना, 14 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा की अधिषद् की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज की संस्कृति का द्योतक होता है और हम सब संस्कृति के रक्षक हैं। अतः बिहार की शिक्षा व्यवस्था में हम सबको मिलकर सुधार लाने की आवश्यकता है।

उच्च शिक्षा के लिए बिहार से बाहर जाने की छात्रों की विवशता के संबंध में उन्होंने कहा कि इसके लिए यहाँ कि शिक्षा व्यवस्था जिम्मेदार है। उन्होंने अधिषद् के सदस्यों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि उनपर विद्यार्थियों के भविष्य को सँवारने का दायित्व है। विद्यार्थी भविष्य के सपने लेकर विश्वविद्यालय में आते हैं और हमसे उनकी काफी अपेक्षाएँ होती हैं। उन्होंने कहा कि अधिषद् की बैठक में केवल बजट ही पारित नही किये जाने चाहिए बल्कि विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पर भी विचार किया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था में सुधार हेतु शैक्षिक अराजकता और भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति केवल कागजी आदेशों से ही नही सुधरेगी बल्कि इसके लिए कठोर निर्णय लिये जाएँगे। इससे कुछ लोगों को निराशा भी हो सकती है।

राज्यपाल के छपरा पहुँचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ततपश्चात् उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित अधिषद् की बैठक में जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति, प्रतिकुलपति, राज्यपाल के प्रधान सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी (विश्वविद्यालय), अधिषद् के सदस्यगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....